कार्यालय,जिला शिक्षा पदाधिकारी,बक्सर

माध्यमिक शिक्षा (बिहार)

रजनीश कुमार उपाध्याय (बि0शि0से0)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

E-Mail- buxar.rmsa@gmail.com

पत्रांकः–......449 (मा0शि0)......

दिनांकः–......09.10.2023......

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
माध्यमिक शिक्षा, बक्सर

सेवा में

प्रचार्य/ प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, /अध्यक्ष/सचिव
सभी मध्य उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निजी विद्यालय
जिला– बक्सर।

विषय :– जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉग्रेस 2023 में छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता के सबंध में।

प्रसंग– अधोहस्ताक्षरी ज्ञापांक मा0शि0/247, बक्सर दिनांक 19.07.2023 निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् पटना के पत्रांक 1050 दिनांक 25.05.2023 एवं निदेशक, विज्ञान एवं प्रौधोगिक विभाग के पत्रांक 359 दिनांक 20.05.2023 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि इस वर्ष 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉग्रेस 2023 का आयोजन साइंस फॉर सोसायटी बिहार पटना द्वारा एस0 सी0 ई0आर0टी0 बिहार एवं बी0सी0एस0टी0 विज्ञान/गणित/पर्यावरण शिक्षकों का प्रशिक्षण 22.07.2023 को बक्सर उच्च विद्यालय बक्सर में दिया जा चुका है उक्त प्रशिक्षण का कार्यक्रम के मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझना (understanding Ecosystem for health and well being) एवं इसके उप विषय के संबंध में उक्त प्रशिक्षण में पूर्ण जानकारी दी जा चुकी है बाल विज्ञान कॉग्रेस 2023 दो वर्गो मे आयोजित होगी।

(क) जूनियर वर्ग – 10 वर्ष से 13 +
(ख) सीनियर वर्ग – 14 वर्ष से 17 वर्ष तक

छात्र/छात्राओं को परियोजना तैयार करने में विद्यालय विज्ञान कोष से महतम 500/– रूपयें तक खर्च किया जा सकता है। छात्र/छात्रा परियोजना प्रस्तुतीकरण के परियोजना रिर्पोट की एक कॉपी लायेगें जिसे आयोजन समिति के पास जमा करना होगा। प्रस्तुतीकरण हेतु 8 मिनट का अधिकतम समय दिया जायेगा। प्रस्तुतीकरण के समय 4 पोस्टर उपयोग कर सकते जहै। प्रस्तुतीकरण के समय लॉग बुक एवं सर्वेक्षण फाईल(यदि हो तो) दिखाना आवश्यक होगा। जिला स्तरीय बाल विज्ञान कॉग्रेस 2023 का आयोजन दिनांक 13.10.2023 को बक्सर उच्च विद्यालय बक्सर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से निर्धारित है माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभागी छात्र/छात्रा एवं मार्गदर्शक शिक्षक का यात्रा भत्ता विद्यालय छात्रकोष के विज्ञान मद से देय होगा।

अतः विद्यालय प्रधान एवं संबंधित विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि इस कार्यक्रम मे रूचि लेते हुए अधिकाधिक प्रतिभागियों की सहभागिता कराना सुनिश्चित करेगें एवं जिला स्तरीय विज्ञान कॉग्रेस 2023 में अनिवार्य रूप से अपने विद्यालय का रजिस्ट्रेशन https://sfs bihar.com पर करते हुए सहभागिता यथा स्थान ससमय एवं निर्धारित तिथि पर कराना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

Rs 9/10/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
माध्यमिक शिक्षा, बक्सर।

ज्ञापांक 449 बक्सर दिनांक 09.10.2023

प्रतिलिपिः–डॉ0 संगीता कुमारी जिला समन्यवयक सह शिक्षिका +2 उच्च विद्यालय धमार भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–प्रिया रानी जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉग्रेस को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करेगी।

प्रतिलिपिः–प्रधानाध्यापक बक्सर उच्च विद्यालय बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निर्देश दिया जाता है कि उक्त कार्यक्रम दिनांक 13.10.2023 को विद्यालय के एक हॉल एवं तीन कमरा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

प्रतिलिपिः–सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि वे अपने अपने प्रखण्ड से न्यूनतम 5 मध्य विद्यालय में एक छात्र एंव एक शिक्षक कुल – 5 छात्र एवं 5 शिक्षक को इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बनाकर निश्चित रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः–राज्य समन्यवयक साईस फॉर सोसाईटी बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर को की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, बक्सर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

Rs 9/10/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
माध्यमिक शिक्षा, बक्सर।